# योगी आदित्य नाथ के आमसभा मे हंगामा

## भाजपाई पुलिस आपस में भिड़े, भाजपा कार्यकर्ताओं अंदर जाने से रोकने पर हुआ विवाद

**जांजगीर चांपा (आरएनएस)।** जिला मुख्यालय के कचहरी चौक में यूपी के सीएम भाजपा के स्टार प्रचार आज अंबिकापुर में आमसभा को समाप्त कर हेलीकाप्टर से जांजगीर लगभग 1.30 बजे दोपहर पहुचें। सभा स्थल पर भाजपाई कार्यकर्ताओ के अलावा हजारो की संख्या मे लोग योगी आदित्यनाथ को सुनने पहुचे थे। योगी की सुरक्षा को देखते हुऐ पुलिस बल भी जगह -जगह मुस्तैद रही। सभा स्थल छोटे होने के कारण पूरे पंडाल में



लोग बैठे हुऐ थे। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अदित्यनाथ के आने मे देरी थी तभी पंडाल के पीछे से कुछ भाजपाई अंदर सभा स्थल की ओर आना चाह रहे थें। लेकिन पुलिस उसे बीच मे ही रोक दी। जिससे पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच विवाद हो गया हैं उधर मंच से भाजपा के वरिष्ठ नेता मंच के माध्यम से माइक से कार्यकर्ताओ को समझाइस दे रहे थे. पर विवाद थमने का नाम नही ले रहा था। विवाद धीरे और उग्र होते जा रहा था। कार्यकर्ता अंदर जाने से रोकने पर आक्रोशित हो गये और पुलिस के साथ तु तु मै मै तक हो गया। मुख्य अतिथि के आने के कुछ ही घंटे पर जब भाजपा के वरिष्ठ नेताओ ने समझाइस दी तब जाकर कर मामला शांत हुआ।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रदेशवासियों को रामनवमीं की अनंत शुभकामनाएं : भूपेश बघेल

#### हवन-पूजन के पश्चात कन्याभोज का आयोजन



**रायपुर (आरएनएस)।** चैत्र नवरात्रि के आज अष्टमी तिथि के अवसर पर जहां सुबह देवी मंदिरों में हवन-पूजन संपन्न हुआ तो वहीं दोपहर बाद श्रीरामनवमीं के अवसर पर कन्या भोज का भी आयोजन किया गया। प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को रामनवमीं की शुभकामनाएं दी है। चैत्र नवरात्रि के आज अष्टमी तिथि पर शहर के देवी मंदिरों में सुबह हवन-पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। महाआरती और पूर्णाहुति के पश्चात श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। इधर सुबह 11.41 बजे अष्टमी तिथि के समाप्त होते ही नवमीं तिथि प्रारंभ हो गई है। इस लिहाज से आज का दिन अष्टमी और नवमीं दोनों के रूप में मनाया जा रहा है। अधिकांश देवी मंदिरों में सुबह हवन पूजन संपन्न हो गया था, वहीं कुछ मंदिरों में दोपहर 1 बजे तक पूर्णाहुति होती रही। पूर्णाहुति संपन्न होने के बाद नवमीं तिथि के अवसर पर कन्या भोज का भी आयोजन किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्रीरामनवमीं के अवसर पर प्रदेशवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी है। अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा-समस्त प्रदेशवासियों को रामनवमीं के पावन पर्व की अनंत शुभकामनाएं।

### छग लोक सेवा आयोग सीएमओ परीक्षा का आयोजन करेगा 5 मई को

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) एवं नगरीय प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) की भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षा का आयोजन 5 मई को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे के मध्य आयोजित किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सीएमओ भर्ती परीक्षा में प्रदेश भर से 80 हजार आवेदकों ने कुल 36 पदों के लिए आवेदन किया है। लम्बे समय बाद नगरीय प्रशासन विभाग में हो रही रिक्त पदों पर नियुक्ति के चलते उम्मीद से अधिक उम्मीदवारों ने पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन किया है। जानकार सूत्रों के अनुसार अन्य पदों पर भी नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा चुनाव अचार संहिता हटने के पश्चात रिक्त पदों पर नियुक्ति की संभावना है।

### वन चौकीदार को मौत के घाट उतारने वाली मादा भालू की हुई मौत

**महासमुंद (आरएनएस)।** पिथौरा वन परिक्षेत्र में बुधवार की देर रात ग्राम जम्हर निवासी चमार सिंह ध्रुव को मौत के घाट उतारने वाले मादा भालू की संदेहास्पद मौत हो गई है। भालू का शव पिथौरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम जम्हर बीट जंगल के कक्ष क्रमांक-242 में मिला। वन विभाग ने शव का परीक्षण एवं पोस्टमार्टम कराकर वन काष्ठागार में दाह संस्कार कर दिया गया है। वन विभाग के सूत्रों का कहना है कि भालू विगत 24 घंटे से विचलित नजर आ रहा था। भालू को रेबीज संक्रमण होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। बुधवार की देर रात पिथौरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत जम्हर बीट में कक्ष क्रमांक-242 के समीप अपने खेत की रखवाली करने जंगल के रास्ते खेत जा रहे ग्राम जम्हर के चमार सिंह ध्रुव (42) पर दो भालुओं ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। इसके बाद भालू पर वन विभाग द्वारा नजर रखी जा रही थी। 24 घंटे के दौरान उसकी गतिविधि संदिग्ध नजर आ रही थी, तथा भालू विचलित हो गया था।

### 14 अप्रैल रैलियों को मिलेगा पुरस्कार

**भिलाई।** ब्राइट एसोसिएशन द्वारा 14 अप्रैल 2019 को डॉ.बाबा साहब आम्बेडकर जयंती पर रैलियों को, नगद पुरस्कार, चिन्ह, शाल से डॉ.बाबा साहब आम्बेडकर कांस्य प्रतिमा पावर हाउस में सम्मानित किया जायेगा। प्रथम पुरस्कार 3100 द्वितीय पुरस्कार 2100 तृतीय पुरस्कार 1100 नगद राशि के साथ स्मृति चिन्ह सभी प्रतिभागी संस्थाओं को प्रतिभागी स्मृति चिन्ह, शाल व प्रशषित पत्र दिया जायेगा। अतिथि के रुप में भूपेश बघेल मुख्यमंत्री ताम्रध्वज साहू, केबीनेट मंत्री, देवेन्द्र यादव विधायक, दिलीप वासनीकर संभाग आयुक्त दुर्ग को आमंत्रित किया गया है।

# बस्तर लोकसभा क्षेत्र में मतदान लगभग 65 प्रतिशत

**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन के प्रथम चरण में छत्तीसगढ़ के 10 बस्तर लोकसभा क्षेत्र के आठ विधानसभा क्षेत्रों में11 अप्रैल 2019 को मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।



मतदान समाप्ति के उपरांत कुल 1879 मतदान दलों में से आज शाम तक कुल 1858 मतदान दल सकुशल संग्रहण केंद्रों में पहुंच चुके हैं। इक्कीस मतदान दल अभी भी आना शेष हैं , जिनके कल आने की संभावना है।

निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त केंद्रीय प्रेक्षक के द्वारा मतदान उपरांत निर्धारित मापदंड के अनुरूप मतदान की प्रक्रिया की समीक्षा की जा चुकी है, किसी भी मतदान केंद्र में कोई त्रुटि नही पायी गई है। आज शाम 5:00 बजे तक प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तर लोकसभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत लगभग 65त्न रहा है। चूंकि कुछ मतदान दलो की वापसी अभी भी शेष है अतः मतदान के प्रतिशत में परिवर्तन संभावित है।

# एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन के बाद अब बस स्टैंड में भी मोर रायपुर-वोट रायपुर की गूंज

## बस चालक ने लोगों को दिलाई मतदान की शपथ

**रायपुर (आरएनएस)।** लोकसभा निर्वाचन में जिले में शतप्रतिशत मतदान के लिए जिले में चलाए जा रहे मोर रायपुर-वोट रायपुर अभियान के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. बसवराजु एस. के मार्गनिर्देशन में राजधानी रायपुर के एयरपोर्ट, रेल्वे स्टेशन सहित बस स्टैण्ड में भी लगातार मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। राजधानी में मतदाताओं को जागरूक करने 6 अप्रैल से लगातार आयोजित हो रही बाईक रैली स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व में आज सुबह पंडरी बस स्टैंड पहुंची। बस स्टैंड में मौजूद सभी चालक, परिचालक, क्रू-मेंबर सहित आम लोगों को आज बस के चालक रामेश्वर



साहू ने 23 अप्रैल को मतदान अवश्य करने की शपथ दिलाई। रैली में सैकड़ों विभागीय अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल रहे। नोडल अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह ने बस, आटो व अन्य सवारी वाहनों में चालक परिचालकों के साथ मिलकर मोर रायपुर वोट रायपुर के स्टीकर लगाएं। सभी परिचालकों से भी अपील की गई कि वाहन रवाना करने के पहले सभी यात्रियों को भी मतदान के लिए संकल्प दिलाए।

### शालीमार एवं जयपुर के मध्य समर स्पेशल ट्रेन 15 से चलेगी

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़ को कम करने एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शालीमार एवं जयपुर के मध्य साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 15 अप्रैल से शुरू होने वाली है। यह ट्रेन 11 फेरे लगाएगी। शालीमार-जयपुर-शालीमार साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन शालीमार से प्रत्येक सोमवार को 15 अप्रैल से 24 जून, 2019 तक 08061 नम्बर के साथ तथा जयपुर से प्रत्येक बुधवार को 17 अप्रैल से 26 जून, 2019 तक 08062 नम्बर के साथ चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में एसी-।। के 04 कोच, एसी-।।। के 05 कोच, स्लीपर 04 कोच एवं 02 पावरकार सहित कुल 15 कोच उपलब्ध है।

### दपूमरे की कई पैसेंजर गाड़ियां कल प्रभावित रहेंगी

**रायपुर (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर-रायपुर एवं दुर्ग-गोंदिया-कलमना रेल खंडो में आवश्यक रखरखाव कार्य होने के कारण कई पैसेंजर गाड़ियों का परिचालन 14 अप्रैल रविवार को प्रभावित रहेगा।

# बस्तर लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक साढ़े तीन करोड़ रूपए नकद राशि जब्त

## कांकेर, रायगढ़,कोरबा और जाँजगीर में नकद जब्ती का नहीं खुला खाता



**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में निगरानी दलों की सघन जाँच जारी है। जाँच दलों ने निगरानी के दौरान सबसे अधिक बस्तर लोकसभा क्षेत्र में अवैध नकद तथा वस्तु जब्त किया है। वहीं जाँच के दौरान अब तक कांकेर, कोरबा, रायगढ़ तथा जाँजगीर में कोई भी नकद राशि जब्त नहीं की गई है । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत साहू के निर्देश पर निगरानी दलों द्वारा सतत जाँच अभियान चलाया जा रहा है।

प्रदेश में अवैध धनराशि तथा वस्तुओं की बरामदगी का आँकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। यह आँकड़ा बढ़कर पौने छह करोड़ रूपए हो गया है। निगरानी दल, धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर नजर रख रही है जिसमें 10 अप्रैल तक 5 करोड़ 74 लाख 24 हजार 949 रूपए की राशि तथा वस्तु बरामद की गई है। इसमें 4 करोड़ 78 लाख 26 हजार 605 रूपए से अधिक नकद राशि बरामद की गई है। इसमें आयकर विभाग ने 4 करोड़ 28 हजार रूपए जब्त किए हैं वहीं पुलिस विभाग ने जाँच के दौरान 78 लाख 98 हजार 605 रूपए जब्त किया गया है ।

# समर्थन मूल्य के अंतर की राशि का किसान कर रहे इंतजार

## खरीदी हुए दो माह बीत गए, लेकिन नहीं हुआ राशि का वितरण

**महासमुंद।** जिले के हजारों किसानों को समर्थन मूल्य के अंतर की राशि का इंतजार है। करीब 30 करोड़ रुपए वितरण करना अभी शेष है। वहीं जिला सहकारी बैंक के नोडल अफसर का कहना है कि आचार संहिता के बाद राशि का वितरण किया जाएगा। शासन से शेष राशि की मांग की गई है।

जिले की सहकारी सोसाइटियों में पंजीकृत 1,17,516 किसानों में से एक लाख 11 हजार 372 किसानों ने ही 31 जनवरी तक धान बेचा। जिला सहकारी बैंक से मिली जानकारी अनुसार एक नवंबर 2018 से 31 जनवरी 2019 तक 122 धान खरीदी केंद्रों के माध्यम से 71 लाख, 28 हजार 402 क्विंटल धान की खरीदी हुई। ज्ञात हो कि इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान की रिकार्डतोड़ खरीदी हुई है।

आंकड़ों पर नजर डालें तो इस वर्ष लक्ष्य से 6 लाख क्विंटल धान की खरीदी अधिक हुई है। वहीं पिछले वर्ष 55 लाख 6 हजार क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। जिला सहकारी बैंक ने किसानों को अंतर की राशि देने के लिए सरकार से 280 करोड़ रुपए की मांग की थी। इस पर सरकार ने 250 करोड़ ही जिला सहकारी बैंक को दिया। 30 करोड़ की राशि शेष रह गई। जिसकी मांग लगातार शासन से की जा रही है। 64 हजार किसानों को अभी तक अंतर की राशि नहीं मिली है। किसानों को राशि का इंतजार है। प्रतिदिन किसान अंतर की राशि को लेकर बैंकों के चक्कर काट रहे हैं।

### रणवीर सिंह के लिए दीपिका पादुकोण ने रखा नया निकनेम

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह उन कपल में से एक हैं, जिन्हें बॉलिवुड के फैन्स काफी पसंद करते हैं। एक-दूसरे के प्रति अपना लवी-डवी अंदाज़ हमेशा दिखाने वाले ये सितारे सोशल मीडिया पर भी एक-दूसरे के लिए अपना प्यार जताने में कोई कसर नहीं छोड़ते। इस बार भी कुछ ऐसी ही वजहों से चर्चा में हैं दीपिका और रणवीर। हाल ही में रणवीर ने अपनी एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की, जिसमें वह काफी सौम्य और किसी किताबी कीड़े की तरह नजर आ रहे हैं। चश्मे में रणवीर की यह तस्वीर काफी क्लासी नजर आ रही।

# बुरी यादों के बारे में फिर से सोचना बहुत मुश्किल : सनी लियोनी



वेब सीरीज करनजीत कौर द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सनी लियोनी के अंतिम सीजन की तैयारी में जुटीं अभिनेत्री सनी लियोनी का कहना है कि वह जब भी अपनी भूली-बिसरी यादों में खो जाती हैं और अपनी जिंदगी के कुछ काले अध्यायों को याद करती हैं तब अक्सर उनकी आंखों में आंसू आ जाते हैं।

सनी ने बताया, अपनी जिंदगी के कुछ काले अध्यायों को फिर से याद करना मेरे लिए बिल्कुल भी आसान नहीं था और मैं चाहती थी कि उसे एक बुरा सपना मानूं, जिसे जल्द ही भुला दूंगी। जब मेरी मां का देहांत हुआ, उस वक्त मेरे पिता कैंसर से जूझ रहे थे और कुछ वक्त बाद उनका भी देहांत हो गया। मैंने शादी कर ली और मुझे एक भारतीय टीवी शो से आमंत्रण मिल गया..चीजें बहुत जल्दी से हो रही थीं।

भारतीय-कनाडाई अभिनेत्री ने कहा, कुछ हालात दुखदायक हैं, जिन्हें मैं फिर कभी याद नहीं करना चाहती। शूटिंग के दौरान मैं बुरी तरह से टूट गई थी। मुझे इस तरह रोते देख मेरे पति डेनियल वेबर डर गए और असहाय महसूस करने लगे।

# डॉगी का गुस्सा ही नहीं, प्यार भी हो सकता है जानलेवा

गर्मी में इंसान क्या जानवर भी परेशान हो जाते हैं। ऐसे में डॉग बाइट की घटनाएं भी बढ़ जाती हैं। अगर चलते-फिरते आपको कोई कुत्ता काट ले, तो यह आपके लिए खतरनाक साबित हो सकता है। ऐसे में रेबीज का इंफेक्शन होने का अंदेशा बना रहता है, जिसका कोई इलाज नहीं है। ऐसे में हम आपको बता रहे हैं कि रेबीज क्या है और कैसे आप किसी कुत्ते के काटने पर खुद को इंफेक्शन से बचा सकते हैं।

डॉग बाइट यानी कुत्ते का काटना कोई साधारण बात नहीं है। कुत्ता अगर पहले से ही रेबीज से ग्रस्त है, तो उसका काटना ही नहीं बल्कि चाटना भी आपके लिए जानलेवा हो सकता है। ऐसा नहीं है कि रेबीज सिर्फ आवारा कुत्तों से ही फैलता है, अगर आपने अपने पालतू कुत्ते को टीके नहीं लगवाए हैं, तो यह आपके घर के कुत्ते से भी फैल सकता है। ऐसे में उसका प्यार करना भी आपको परेशानी में डाल सकता है।

### क्या है रेबीज?

रेबीज एक तरह का वायरस होता है। यह कुत्ते के अलावा बंदर और बिल्ली से भी इंसानों तक पहुंच सकता है। अगर इनमें से कोई भी जानवर रेबीज से संक्रमित है, तो वह आपके लिए परेशानी बन सकता है। ऐसे में आप किसी तरह की लापरवाही



न बरतें। यह वायरस सेंट्रल नर्वस सिस्टम को फेल कर देता है, जिससे पीड़ित इंसान सामान्य नहीं रह पाता।

### कैसे फैलता है?

आपने अक्सर लोगों से सुना होगा कि कुत्ते के काटने से रेबीज का इंफेक्शन फैलता है, जबकि ऐसा नहीं है। सिर्फ काटने से ही नहीं बल्कि अगर आपको रेबीज से पीड़ित कोई जानवर चाट भी ले तो भी आप रेबीज के शिकार हो सकते हैं। डॉग बाइट के तीन ग्रेड होते हैं:

अगर कुत्ता प्यार से भी चाटता है, तो होशियार हो जाएं। अगर कुत्ते में रेबीज का इंफेक्शन होगा, तो आपके शरीर में भी रेबीज के वायरस आने की आशंका बनी रहती है। खासकर अगर कुत्ते ने शरीर के उस हिस्से को चाट लिया हो, जहां चोट की वजह से मामूली कट या खरोंच हो।

अगर किसी कुत्ते के काटने के बाद स्किन पर उसके एक या दो दांतों के निशान दिखाई पड़ते हैं, तो समझिए कि एहतियात बरतने की जरूरत है। बहुत से लोग यह सोचकर कि कुत्ते को रेबीज नहीं होगा, एक या दो दांतों के निशान को मामूली जख्म की तरह ट्रीट करते हैं। ऐसी अनदेखी घातक साबित हो सकती है, क्योंकि रेबीज का वायरस एक बार शरीर में जाकर सालों तक रह जाता है।

है या दांतों के तीन-चार निशान दिखाई देते हैं, तो यह खतरनाक है। किसी जानवर के काटने या डसने से जानलेवा वायरस या जहर शरीर में दाखिल हो सकता है। इससे रेबीज हो सकता है, जिसका मेडिकल साइंस अब तक कोई इलाज नहीं ढूंढ पाई है।

लक्षण

पानी से डर (हाइड्रोफोबिया) प्यास के बावजूद पानी न पीना, बात-बात पर भड़क जाना, बर्ताव में हिंसक हो जाना।